**भारतीय जनता पार्टी**
**(केंद्रीय कार्यालय)**
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

11 अप्रैल 2026, शनिवार

**<u>केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के ओंडा, छतना और बाघमुंडी में आयोजित जनसभाओं में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु</u>**

**TMC के गुंडे मतदान के दिन घरों में ही बैठे रहें, वरना उनकी खैर नहीं होगी**

**हमारी बंगाल की भूमि धर्मशाला नहीं है, भाजपा सरकार एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर बाहर करेगी**

**ममता दीदी कहती हैं कि शाम 7 बजे के बाद महिलाएँ घर में रहें, भाजपा सरकार बनने के बाद महिलाएँ रात में भी निर्भय घूम पाएँगी**

**ममता दीदी, आपके जिन-जिन नेताओं ने बंगाल में घोटाले करके जनता का पैसा लूटा है, उन सभी से पाई-पाई वसूली जाएगी**

**TMC के गुंडों ने भाजपा के 300 से अधिक कार्यकर्ताओं की हत्या की, चुनाव के बाद इनका हिसाब किया जाएगा**

**बंगाल के आलू किसान परेशान हैं, क्योंकि टीएमसी सरकार ने बंगाल से दूसरे राज्यों में आलू भेजने पर रोक लगा दी है, भाजपा सरकार बंगाल के आलू देशभर में भेजकर अच्छे दाम दिलवाएगी**

**TMC सरकार ने बंगाल में 7 हजार कारखाने बंद कराकर बेरोजगारी और पलायन को बढ़ावा दिया, भाजपा बंगाल को उद्योग का केंद्र बनाएगी**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज शनिवार को पश्चिम बंगाल के ओंडा, छतना और बाघमुंडी में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और राज्य की जनता से टीएमसी को जड़ से हटाने तथा प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा सांसद श्री सौमित्र खान, भाजपा नेता श्री तापस बोस, श्री सुनील रुद्र मंडल, श्री कल्याण चटर्जी, ओंडा से प्रत्याशी श्री अमरनाथ

साखा, छतना से प्रत्याशी श्री सत्यनारायण मुखर्जी, विष्णुपुर से प्रत्याशी श्रीमती शुक्ला चटर्जी और काटुलपुर से प्रत्याशी श्री लक्ष्मीकांत मजुमदार, बांकुरा से प्रत्याशी श्री नीलाद्रि शेखर दाना, साल्तोरा से प्रत्याशी श्रीमती चंदना बाउरी और बाघमुंडी से प्रत्याशी श्री रोहिदास महतो सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि बंगाल की यह ऐतिहासिक भूमि पूरे देश के लिए प्रेरणा का केंद्र रही है। जब पश्चिम बंगाल की जनता 23 और 29 अप्रैल को कमल के निशान पर बटन दबाकर राज्य में भाजपा की सरकार बनाएगी, तो पूरे बंगाल से सिंडिकेट राज को समाप्त कर दिया जाएगा। आज बंगाल की स्थिति यह हो गई है कि सीमेंट, पंखा, ईंट या बालू जैसी सामान्य चीजें खरीदने में भी सिंडिकेट को कट मनी देनी पड़ती है। यह सिंडिकेट व्यवस्था जनता का शोषण करने वाली बन चुकी है और यह सिंडिकेट ममता बनर्जी और उनके भतीजे के संरक्षण में चल रहा है। आज पूरे पश्चिम बंगाल में गुंडों और घुसपैठियों का राज है। मोगरा हाई स्कूल की शर्मनाक घटना सभी को याद है, तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने बांकुरा के बच्चों का भविष्य दांव पर लगा दिया। मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सिंडिकेट गरीबों से पैसा उगाही कर रही है। ये लोग गेहूं और धान पर हर क्विंटल में 10 किलो की अवैध कटौती करते हैं। हर बारिश में गंधेश्वरी नदी का पुल डूब जाता है, लेकिन ममता बनर्जी को कोई फर्क नहीं पड़ता। पश्चिम बंगाल की जनता को 23 अप्रैल को TMC सरकार को मूल समेत उखाड़कर फेंक देना है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में बांकुड़ा की जो उपेक्षा हुई है, उसका भी हिसाब करने का समय आ गया है। यहां के युवाओं को रोजगार के अभाव में पलायन करना पड़ा, किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाया, यहां के आलू किसानों की स्थिति यह है कि जिस आलू का उचित मूल्य ₹20 प्रति किलो से अधिक होना चाहिए, वहां उन्हें ₹2 भी नहीं मिल पा रहा है। ममता बनर्जी अपने अहंकार में कहती हैं कि हम अपना आलू झारखंड नहीं भेजेंगे, जिसके कारण पूरे बंगाल के आलू किसान परेशान हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही, उसी दिन से बंगाल के आलू को ओडिशा, झारखंड और देश के अन्य राज्यों में निर्बाध रूप से भेजा जाएगा, ताकि किसानों को उचित मूल्य मिल सके। विष्णुपुर में ही उच्च गुणवत्ता वाले आलू के बीज के उत्पादन के लिए भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के माध्यम से एक संयंत्र स्थापित किया जाएगा और विष्णुपुर का आलू पूरे देश में अपनी पहचान बनाएगा।

श्री शाह ने कहा कि ममता बनर्जी बंगाल के गरीबों का वोट लेती हैं लेकिन उनके हिस्से का फंड टीएमसी के गुंडों के घर में जाता है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बंगाल के गांवों के विकास के लिए जो पैसा भेजा था, वो ममता बनर्जी के सिंडिकेट की भेंट चढ़ गया। यह लोग समझते हैं कि इन्होंने जो भ्रष्टाचार किया है, उसका कुछ नहीं होगा। सिंडिकेट वाले कान खोलकर सुन लें, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पश्चिम बंगाल के गरीबों की

पाई-पाई वापस देनी पड़ेगी। ममता बनर्जी कहती हैं कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बाहर से शासन चलाने वाले हैं। मैं आज स्पष्ट कर रहा हूं कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री बंगाल में ही जन्मा, बंगाली बोलने वाला, भाजपा का नेता ही होगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि टीएमसी सरकार महिलाओं की गरिमा की रक्षा करने में विफल रही है, ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए कि वो स्वयं महिला हैं इसके बावजूद राज्य में माताएं-बहनें स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। निकुंजपुर ग्राम पंचायत में 300 बीघा जमीन नदी के कटाव में बह गई, मगर ममता बनर्जी की सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। टीएमसी के संरक्षण में चल रहे अवैध बालू खनन के कारण धरती की छाती छलनी हो रही है, फिर भी ममता बनर्जी ध्यान नहीं देतीं। अब TMC को सत्ता से हटाने का समय आ गया है। यहां के सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल में न डॉक्टर हैं, न नर्स हैं और मरीजों से गुंडे टोल टैक्स वसूल रहे हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी गरीबों के लिए सस्ता अनाज भेज रहे हैं जिसमें 5 किलो चावल मुफ्त दिए जा रहे हैं, लेकिन यह लोग उसमें से भी 1 किलो चावल निकाल लेते हैं। ममता बनर्जी को शर्म करनी चाहिए कि गरीब बच्चों का चावल में टोल टैक्स लिया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी थम्ब इम्प्रेशन के सिस्टम को एक्टिव करके एक ग्राम चावल भी ममता के गुंडों के हाथ में नहीं जाने देगी। भाजपा ने तय किया है बालूचरी साड़ियों में और पंचमुरा के कुम्हार के प्रोडक्ट में जीआई टैग लाकर बिचौलियों को समाप्त किया जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो गई है। ममता बनर्जी कहती हैं कि 7 बजे के बाद महिलाओं को घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। ममता बनर्जी, असम में भाजपा का राज है वहां जाकर देखें, 10-10 तोले के गहने पहनकर रात 1 बजे भी बच्चियाँ स्कूटी से शादी में जाती हैं और उन्हें कोई छू भी नहीं सकता। बंगाल की जनता, एक बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना दे, 24 घंटे राज्य की माताओं-बहनों को सुरक्षा देने का कार्य किया जाएगा। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना ने पूरी दुनिया में बंगाल को शर्मसार किया है और वर्षों तक संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस के गुंडे महिलाओं का शोषण करते रहे, इनके बसाए घुसपैठिए भी महिलाओं का शोषण करते रहे, लेकिन ममता बनर्जी आंख मूंदकर बैठी रहीं। जिन भी लोगों ने ममता बनर्जी के संरक्षण में महिलाओं का अपमान किया है, उन सभी को जेल की सलाखों के पीछे डालने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी।

तृणमूल कांग्रेस की हिंसा की राजनीति पर करारा प्रहार करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 300 से अधिक कार्यकर्ता चुनावी हिंसा में मार दिए गए, तृणमूल कांग्रेस के गुंडे मानते हैं कि उन्हें कुछ नहीं होगा। तृणमूल के जिन गुंडों ने भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान किया है, बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद सबका हिसाब

लिया जाएगा। तृणमूल के गुंडों ने ममता बनर्जी के संरक्षण में पूरे बंगाल की जनता को बंधक बनाकर रखा है। सभी गुंडे कान खोलकर सुन लें कि 23 और 29 को मतदान के दिन घर में बैठें, नहीं तो बाद में उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पूरे बंगाल की जनता बेखौफ होकर मतदान करे, चुनाव आयोग ने सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्सेस की उचित व्यवस्था की है। इस बार यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ममता बनर्जी का कोई भी गुंडा चुनाव में खलल न डाल पाए। आज घुसपैठ की समस्या को रोकना अत्यंत आवश्यक है और जो घुसपैठिए राज्य में मौजूद हैं, उन्हें बाहर किया जाना तथा उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जाने जरूरी हैं। लेकिन ममता बनर्जी यह नहीं कर सकतीं। ये घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, युवाओं की रोजगार के अवसर छीन रहे हैं और गरीबों के हिस्से के चावल खा रहे हैं। ममता बनर्जी कान खोलकर सुन लें, भाजपा सरकार बनने के बाद बंगाल में एक भी घुसपैठिए को सहन नहीं किया जाएगा। सभी घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। भारत धर्मशाला नहीं है, यह हमारी भूमि है और जिस किसी ने भी एक इंच भूमि पर भी कब्जा किया है, उसे कानून के तहत जेल की सलाखों के पीछे डालने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी।

श्री शाह ने कहा कि ममता बनर्जी और टीएमसी सरकार ने पूरे बंगाल से 7,000 इंडस्ट्रीज को भगा दिया, जिसके कारण बेरोजगारी बढ़ी है। भाजपा ने तय किया है कि पश्चिम बंगाल में चार नई इंडस्ट्रियल एस्टेट बनाई जाएंगी, जिनमें से एक विष्णुपुर में बनेगी, जहां करोड़ों रुपये का निवेश आएगा। बंगाल में यूनिफॉर्म सिविल कोड लाया जाएगा और यह कानून हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी के लिए बराबर होगा। किसी को चार शादियाँ करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और भाजपा सरकार बनने पर यूसीसी लागू होते ही इस पर अपने आप प्रतिबंध लग जाएगा। राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों को 45 दिनों के भीतर सातवें वेतन आयोग का लाभ दिया जाएगा, महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने की पहली तारीख को ₹3,000 दिए जाएंगे और उन्हें बस में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी, गर्भवती माताओं को ₹21,000 और 6 पोषण किट दिए जाएंगे। ममता बनर्जी के कारण जो युवा बेरोजगार बैठे हैं उन्हें बेरोजगारी भत्ता के रूप में हर महीने ₹3,000 देने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। ₹5 लाख तक का इलाज मुफ्त किया जाएगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं, भाइयों और बहनों को ₹15,000 की सहायता दी जाएगी। धान का दाम ₹3,100 प्रति क्विंटल किया जाएगा और हर किसान का शत-प्रतिशत धान बंगाल सरकार खरीदेगी। विधवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की पेंशन दोगुनी की जाएगी, चाय बागान के श्रमिकों को उनकी भूमि का मालिक बनाया जाएगा और बंद पड़े सभी जूट मिलों को फिर से शुरू किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमारी संथाल की बहन श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों का सम्मान

किया। श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी जब बंगाल के आदिवासियों से मिलने आईं, तो ममता बनर्जी ने उनका अपमान किया। पश्चिम बंगाल की जनता को ममता बनर्जी से आदिवासी की बेटी, महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के अपमान का बदला इस चुनाव में लेना है। ममता बनर्जी से यह सहन नहीं होता कि एक आदिवासी गरीब की बेटी इस देश की राष्ट्रपति बनी है। ममता बनर्जी को जो करना है, कर लें, भारतीय जनता पार्टी आदिवासी कल्याण में विश्वास रखने वाली पार्टी है और हम आदिवासियों के लिए काम करते रहेंगे।

श्री शाह ने कहा कि ममता बनर्जी ने केवल घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार किए। कैश फॉर क्वेरी घोटाला, शिक्षक भर्ती घोटाला, एसएससी घोटाला, नगरपालिका और नगर निगम भर्ती घोटाला, गाय तस्करी घोटाला, पीडीएस घोटाला, मनरेगा घोटाला और पीएम आवास में भी घोटाला किया गया। इन सभी घोटालों में जो करोड़ों रुपये तृणमूल कांग्रेस के लोगों ने खा लिए हैं, वह जनता का पैसा है, और भाजपा सरकार बनते ही एक जांच आयोग बनाकर सभी भ्रष्टाचारियों को जेल के पीछे डालने का काम किया जाएगा। ममता बनर्जी की सरकार के रहते कभी बंगाल का विकास नहीं हो सकता। आज बंगाल को परिवर्तन की आवश्यकता है। आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश विकसित भारत के संकल्प पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 'विकसित भारत' की रचना 'विकसित बंगाल' के बिना पूरी नहीं हो सकती और ममता बनर्जी बंगाल को विकसित नहीं कर सकतीं। श्री शाह ने पश्चिम बंगाल की जनता से कमल के निशान पर वोट देकर, भाजपा के सभी प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जिताकर, राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की।

***************